टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

(भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A joint venture of Govt. of India & Govt. of UP)

सूचना का अधिकार
Right To Information

नव वर्ष सन्देश

नव वर्ष के नव प्रभात की इस बेला पर आप सभी से संवाद करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। टीएचडीसीआईएल परिवार के सभी सदस्यों को नूतन वर्ष 2021 की हार्दिक शुभकामनाएं। वर्तमान परिवेश में आप सभी सपरिवार स्वस्थ रहें, इस बात पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वर्ष 2020 विश्व, हमारे राष्ट्र, विद्युत सेक्टर और व्यक्तिगत रूप से हम सभी के लिए कितना चुनौतीपूर्ण रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। आप सभी के सहयोग से हम इस कठिन समय का सामना कर पा रहे हैं और इस संकट पर भी हम विजय प्राप्त कर पाएंगे, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। पिछला वर्ष जितना चुनौतीपूर्ण रहा, आने वाला वर्ष उतना ही संभावनाओं और खुशहाली भरा रहे, यही मेरी कामना है ।

नव वर्ष के इस शुभ अवसर पर मैं आप सभी के साथ कासरगोड सौर ऊर्जा प्लांट के कमीशन होने की खुशखबरी को साझा करना चाहता हूँ । कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद हम इस परियोजना को पूर्ण कर पाए इसलिए यह उपलब्धि अधिक महत्वपूर्ण है, जिसके लिए इस परियोजना निर्माण तथा सम्बंधित कार्यों में लगे सभी अधिकारी तथा कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। इस प्लांट की कमीशनिंग के साथ ही हमने सौर उर्जा उत्पादन के नए क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है तथा भारत सरकार के 2022 तक 175 गीगावाट वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में अपना योगदान आरम्भ कर दिया है और साथ ही अपनी संस्थापित क्षमता में 50 मेगा वाट की वृद्धि के साथ कुल क्षमता को 1587 मेगा वाट तक पहुंचा दिया है। भविष्य में इस क्षेत्र में हमें अपने योगदान को और अधिक बढ़ाना है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के तौर पर आप सभी को यह मेरा अंतिम नव वर्ष सन्देश है किन्तु व्यक्तिगत तौर पर मैं सदैव आपके सुनहरे भविष्य और बेहतर कल की कामना करता रहूँगा। आगामी वर्षों में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एक कंपनी के तौर पर तथा आप सभी व्यक्तिगत तौर पर लगातार नई ऊँचाइयों को छुयें यही मेरी कामना है। आगामी वर्षों में आप सभी टीएचडीसी के अपने गौरवशाली अतीत को मानक मानकर उससे बेहतर करने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें तथा कोविड-19 महामारी के संक्रमण की रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करते रहें। जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

एक बार पुन: आप सभी को नव वर्ष 2021 की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद !

(डी.वी.सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रधान कार्यालय : गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश - 249201